विश्वनाथ मम नाथ पुरारी। त्रिभुवन महिमा बिदित तुम्हारी।।
नाथ कृपां अब गयेउ बिषादा। सुखी भयउँ प्रभु चरण प्रसादा।।
|| Ram Katha 965 – *मानस गोपनाथ || Gopnath, Mahua (Gujarat) || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 87 | इंदौर, शुक्रवार 10 अक्टूबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# सीएम बोले - हमने उद्योग स्थापना की व्यवस्था सुधारी

## मुंबई में मप्र को मिले 74300 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मप्र को मुम्बई में आयोजित 'इंटरएक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट ऑपरच्युनिटीज इन पॉवर एंड रिन्युएबल एनर्जी इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग एंड वाइट गुड्स इन मध्यप्रदेश' में 74300 करोड़ रुपए के निवेश मिले। गुरुवार को आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कहा कि हमने मप्र में उद्योगों की स्थापना के लिए व्यवस्थाओं को सरल बनाया गया है।**




इसी के चलते आज रिन्युएबल एनर्जी सेक्टर में 19900 और अन्य सभी सेक्टर्स में 54400 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव शामिल हैं। सीएम ने कहा कि शिवाजी महाराज और प्रदेश के सिंधिया, होल्कर, पवार इतिहास के उस दौर में भारतीय समाज के लिए महत्वपूर्ण भूमिका में रहे। उज्जैन में बाबा महाकाल की ध्वजा जिस शान से लहराती है, उसके अतीत में शिवाजी महाराज का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

सीएम ने कहा कि नर्मदापुरम जिले के मोहासा- बाबई में स्थित, भारत के पहले अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग जोन फॉर पावर एंड रिन्युएबल एनर्जी इक्विपमेंट के बहुप्रतीक्षित फेज 2 में इस निवेश का फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस ज़ोन में भूमि आवंटन के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि निकट, 12 अक्टूबर 2025 है।

इस कार्यक्रम में सन फार्मा के अध्यक्ष दिलीप सांघवी, सीआईआई के अध्यक्ष नील सी रहेजा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), ईसीजीसी सृष्टिराज अम्बष्ठा, हिंडाल्को के प्रबंध निदेशक सतीश पाई, हेत्तिच के प्रबंध निदेशक आंद्रे एकहोल्ट, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी (एमडी एवं सीएफओ), आईपीसीए लैब अजीत कुमार जैन और एफआईईओ के उपाध्यक्ष रविकांत कपूर विशेष रूप से मौजूद थे।

## ◆ बैतूल में बाइक टक्कर से भड़का बवाल...

### RSS प्रचारक से मारपीट के बाद पत्थरबाजी और तनाव, पुलिस ने संभाला मोर्चा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल, एजेंसी। मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के मुलताई में गुरुवार शाम एक मामूली सड़क हादसा बड़े बवाल में बदल गया। बाइक टकराने पर समुदाय विशेष के युवकों ने आरएसएस के प्रचारक शिशुपाल यादव के साथ मारपीट कर दी। इसके बाद दो बाइकों की टक्कर के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग आमने सामने हो गए। उनमें झड़प शुरू हो गई और भीड़ ने सड़कों पर उतरकर पथराव और तोड़फोड़ शुरू कर दी।**

मिली जानकारी के अनुसार, आरएसएस स्वयंसेवक की बाइक की टक्कर एक अन्य बाइक से हो गई थी। इसके बाद दूसरी बाइक पर सवार दो युवकों ने स्वयंसेवक से बहस करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद इलाके में तनाव बढ़ गया। मौके पर दोनों पक्षों के लोग जुटने लगे और कुछ ही देर में माहौल गरम हो गया। इसी दौरान आरएसएस प्रचारक शिशुपाल यादव के साथ भी झूमाझटकी हुई। बाइक टक्कर के बाद हुई झूमाझटकी का विवाद को सांप्रदायिक रंग का प्रयास किया जाने लगा। दोनों पक्षों की भीड़ ने थाने के सामने टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। तनाव बढ़ता देख पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। उन्होंने जिलेभर से अतिरिक्त पुलिस बल मुलताई भेजा गया।



### Donald Trump: 'ओबामा ने कुछ नहीं किया, फिर भी उन्हें सम्मानित किया गया', नोबेल के लिए गिड़गिड़ाए ट्रंप

# शहर के 33 ब्लैक स्पॉट पर तीन दिनों में युद्ध स्तर पर होगा काम

## कलेक्टर श्री वर्मा ने दुर्घटनाएं रोकने के लिए बुलाई बैठक में तीन विभागों को दिया समय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर में दुर्घटनाएं रोकने के लिए कलेक्टर शिवम वर्मा ने गुरुवार देर शाम को सड़क सुरक्षा के मद्देनजर बैठक आयोजित की। बैठक में मुख्य रूप से नेशनल हाईवे, पीडब्ल्यूडी और एमपीआरडीसी विभाग को तीन दिनों में शहर के चिन्हित 33 ब्लैक स्पॉट पर कार्य करने की हिदायत दी है। शहर में ऐसे 33 स्थान चिन्हित किये गए हैं, जहां ब्लैक स्पॉट होने से दुर्घटनाएं हुई हैं। इसलिए प्राथमिक रूप से इन स्थानों पर युद्ध स्तर पर तीन दिनों में साइनेज लगाने के साथ ही लाइट और रम्बल स्ट्रिप अनिवार्य रूप से लगाई जाएगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए हैं कि इस कार्य में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाए। तीन दिनों बाद इन सभी स्थानों का वे स्वयं निरीक्षण भी करेंगे। कोई भी दुर्घटना न हो, ऐसे उपाय विभागों द्वारा अनिवार्यता से किये जायें। बैठक में एडीएम रोशन राय सहित नेशनल हाइवे, नगर निगम, एमपीआरडीसी, यातायात पुलिस और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौजूद रहे।



### चिन्हित इन ब्लैक स्पॉट्स पर होगा कार्य

जिला प्रशासन द्वारा जो ब्लैक स्पॉट चिन्हित किये गये हैं उनमें लवकुश चौराहा, रिजलाय फाटा धार रोड, देवास नाका चौराहा, बेस्ट प्राईज के सामने बायपास रोड, ओमेक्स सिटी बायपास रोड, डेक्थनॉल के सामने बायपास रोड, टाटा शोरूम के सामने एबी रोड, बिचौली मर्दाना ब्रिज के ऊपर बायपास, तीन इमली चौराहा, रालामण्डल चौराहा बायपास रोड, तेजाजी नगर ब्रिज के ऊपर एबी रोड, कैलोद करताल फाटा बायपास रोड, राऊ गोल चौराहा, आईटी पार्क चौराहा, विशेष जूपीटर हॉस्पिटल के सामने रिंग रोड, प्रभु तौल कांटे के पास नेमावर, ट्रेंचिंग ग्राउंड के सामने नेमावर रोड देवगुराड़िया, ग्राम माचल, महू –नीचम रोड घाटाबिल्लौद, काला सूरा फाटा इंदौर धार रोड, ए बी रोड भैरुघाट पुलिया के पास ग्राम कालाकिराय, ए बी रोड अर्जुन बरोदा, डकाच्या ए बी रोड, बुड़ी बरलाई, कल्याण मील, लसुडिया परसार, टीही पुलिया फॉरलेन रोड, पिगडम्बर, माँ वैष्णो ढाबा, इंदौर खंडवा रोड भैरूघाट, इंदौर खंडवा बाई ग्राम और दुधिया पावर हाउस के सामने नेमावर रोड शामिल हैं। कलेक्टर शिवम वर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि चिन्हित ब्लैक स्पाट्स पर दुर्घटनाओं को रोकने हेतु प्रभावी कार्रवाई की जाये।

# नगर निगम परिषद सम्मेलन, कांग्रेस का हंगामा

## कादरी को पार्षद पद से हटाने का प्रस्ताव पारित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर नगर पालिका निगम परिषद के सम्मेलन में अनवर कादरी को पार्षद पद से हटाने का प्रस्ताव पारित हुआ। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने यह प्रस्ताव रखा और भाजपा के पार्षदों ने इसका समर्थन किया। भार्गव ने कहा कि एक पार्षद का फरार और जेल में रहना इस बात को सिद्ध करता है कि उसकी पार्षदी रखने का अब कोई औचित्य नहीं है। उनके द्वारा जेल से लिखकर भेजा गया जबाव भी केवल भावनात्मक है और तथ्यों से परे हैं।**

उन्होंने कहा कि जब जब कादरी पर आरोप लगते हैं और सिद्ध भी हुए हैं। लव जिहाद के मामले में कांग्रेस ने कोई कार्रवाई नहीं की। आज भी कांग्रेस पार्षद प्रस्ताव आने से पहले सदन छोड़कर चले गए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष विधानसभा उमंग सिंघार से पूछना चाहता हूं कि क्या कांग्रेस लव जिहाद के पक्ष में है। यह प्रस्ताव आने से पहले कांग्रेस के पार्षद सदन छोड़कर चले गए और बाहर धरने पर बैठ गए। इससे पहले शहर की ट्रैफिक व्यवस्था और सड़कों के गड्ढों को लेकर कांग्रेस पार्षदों ने जमकर हंगामा किया। सदन की कार्यवाही के दौरान वे आसंदी के सामने बैठ गए और नारेबाजी की। पार्षद सड़कों की दुर्दशा की तख्तियां लेकर सदन में जा रहे थे, जिन्हें रोक दिया गया। पार्षद राजू भदौरिया ने सदन में महात्मा गांधी की फोटो न होने पर सवाल उठाया। इसे लेकर जमकर खींचतान चली। बाद में पार्षद ने सभापति मुन्नालाल यादव को गांधी जी की फोटो भेंट की। सम्मेलन नगर निगम मुख्यालय स्थित श्री अटल बिहारी बाजपेयी परिषद सभागृह (अटल सदन) में आयोजित किया जा रहा है। इसमें पार्षद फौजिया शेख अलीम ने BRTS का मुद्दा उठाया। जिसका राजेंद्र राठौर और बाद में महापौर ने जवाब दिया। चलते सदन में अचानक लाइट बंद हो गई, नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे बोले निगम के पास जनरेटर लगाने के भी पैसे नहीं हैं। कुछ देर में लाइट वापस आई। चौराहे पर लगी नेट और विज्ञापन का सवाल उठाया। जवाब को लेकर पक्ष और विपक्ष के पार्षद भिड़ गए। पार्षद योगेश जेंडर बोले रासुका वालों के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं। पार्षद राजू भदौरिया के इशारे पर हुई खींचतान योगेश जेंडर उतरकर सभापति के पास पहुंचे। सभापति के सामने जमीन पर बैठे नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस पार्षद। भाजपा के पार्षद माफी मांगो के नारे लगे। जोरदार हंगामे के बीच के चिंटू चौकसे सभापति के पास पहुंचे और कुछ चर्चा की। नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे से बोले कि अगर राजू भदौरिया पर रासुका लगी है तो वह आज ही पार्षदी छोड़ देंगे। नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने मोबाइल में देख कर बताया कि रासुका क्या होती है? शहर गड्ढों को लेकर फिर खींचतान शुरू हुई। नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे बोले निगम के पास पैसा नहीं तो महापौर बोले कि बहस करेंगे।



पार्षद रूपाली पेंढारकर ने अनवर कादरी को लेकर कहा कि कादरी ने जिहादियों को फंडिंग की और भाग गए। सदन में कादरी को हटाने को लेकर बहस शुरू हो गई। पार्षद मनीष शर्मा ने कहा अनवर कादरी के घर पर भी कार्रवाई होना चाहिए। फंडिंग कहा से आई इसकी भी जांच होना चाहिए। मामले में विपक्ष की भी पूरी तैयारी है। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे का कहना है कि निगम ने जो नोटिस जारी किया है। उसका जवाब अनवर कादरी की पत्नी की तरफ से दिया जाएगा। इसके साथ ही शहर में गड्ढों को लेकर हम अपनी बात रखेंगे। मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि नगर निगम परिषद के सम्मेलन में कई ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित किए गए। परिषद ने पार्षद अनवर कादरी की पार्षदी दो तिहाई बहुमत से समाप्त करने का निर्णय लिया है। भार्गव ने कहा कि कादरी पर कई गंभीर आरोप हैं, जिनमें लव जिहाद को फंड देने के आरोप भी शामिल हैं। इसके बावजूद कांग्रेस ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की और चर्चा सत्र का भी बायकॉट किया। मेयर ने कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी, जीतू पटवारी और इंदौर कांग्रेस अध्यक्ष चीटू चौकसे से सवाल किया कि क्या वे ऐसे पार्षदों का समर्थन जारी रखेंगे, जिन पर इतने गंभीर आरोप लगे हैं और जो अब जेल में हैं। भार्गव ने बताया कि नगर निगम अधिनियम की धारा 19(1) और 1(क) के तहत यह प्रावधान है कि दो तिहाई बहुमत या संभागायुक्त की मंजूरी से पार्षदी समाप्त की जा सकती है। इस संबंध में उन्होंने संभागायुक्त को पत्र भेजा है।

# नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री विजयवर्गीय अब जोहो मेल पर

## आम नागरिकों की सुविधा के लिए नया स्वदेशी ई-मेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आम नागरिकों की सुविधा के लिये अपना स्वदेशी ई-मेल जोहो अकाउंट जारी किया है। इसके लिये उन्होंने नागरिकों से स्वदेशी मेल अपनाकर उनसे जुड़ने का अनुरोध किया है। इसके लिये उन्होंने एक अपील भी जारी की है।**

प्रिय साथियों, हम रिश्तों के धागों से बंधे हैं। आपसे जुड़ाव ने हमेशा मुझे ताकत दी है। आपके विचार, सुझाव और शुभकामनाएं मेरे काम को दिशा देते रहे हैं। अब इस संवाद को और सहज बनाए रखने के लिए मैंने zoho mail अपनाया है। आप मुझसे सीधे ईमेल के जरिए संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए मेरा नया ई-मेल अकाउंट kailashvijayvargiya@zohomail.in है। आपके भरोसे और साथ के लिए मैं हृदय से आभार प्रकट करता हूं।

### विजय नगर क्षेत्र में आरटीओ की कार्रवाई जारी

# ट्रैफिक बाधित कर रही दो बसें जब्त दुकानदारों को दी गई चेतावनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) की टीम ने गुरुवार को इंदौर शहर के विजय नगर इलाके में कार्रवाई करते हुए ट्रैफिक बाधित कर रही दो बसों को जब्त किया। टीम ने दुकानदारों को भी चेतावनी दी कि वे अपने वाहनों के कारण यातायात बाधित न करें।**

आरटीओ प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि विजय नगर से भमोरी होकर एमआर-9 लिंक रोड पर बसें खड़ी रहने से ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है। इस मार्ग पर बस बॉडी निर्माण का काम होता है, और बॉडी निर्माता अक्सर बसों को सड़क किनारे तक खड़ा कर देते हैं।



गुरुवार को एआरटीओ अर्चना मिश्रा के नेतृत्व में उड़नदस्ते की टीम ने मौके पर पहुंचकर दो बसों को जब्त किया। जिन्हें विजय नगर आरटीओ में खड़ा किया गया है।

श्री शर्मा ने बताया कि आरटीओ की टीम द्वारा ट्रैवल्स और लोक परिवहन बसों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसमें शहर में लोक परिवहन, स्कूल बसों और अन्य वाहनों की नियमित जांच की जा रही है। इस दौरान ओवरलोडिंग, अधिक किराया वसूली, स्पीड गवर्नर, दस्तावेज़ों की जांच और एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने के लिए वाहन मालिकों को प्रेरित किया जा रहा है। बीते दिनों विजय नगर चौराहे के पास सयाजी होटल के पीछे कुछ बसों द्वारा सड़क पर सवारी बैठाने और सामान भरने से यातायात बाधित हो रहा था। चेकिंग के दौरान चार बसों पर मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई थी। आरटीओ ने ट्रैवल्स संचालकों और बस मालिकों से अपील की है कि वे अपनी बसों को केवल निर्धारित स्थानों से ही संचालित करें। इस बात का ध्यान रखें की ट्रैफ़िक बाधित नहीं हो ।

### कटाक्ष




# दीपावली पर्व 20 अक्टूबर को ही मनाया जाएगा

## इंदौर में विद्वानों का सर्वसम्मत निर्णय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, रामबाग, इंदौर में दीपावली पर्व की तिथि निर्धारण को लेकर विद्वानों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभी विद्वानों ने ज्योतिषीय गणना तथा धर्मशास्त्रीय निर्देशों के आधार पर विश्लेषण करते हुए 20 अक्टूबर को दीपावली महापर्व मनाना श्रेष्ठ एवं शुभ बताया।

बैठक का प्रारंभ डॉ. विनायक पाण्डेय तथा मप्र ज्योतिष एवं विद्वत् परिषद् के अध्यक्ष आचार्य रामचंद्र शर्मा 'वैदिक' विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि पंचांग एवं नक्षत्र गणना के आधार पर 20 अक्टूबर को दीपावली मनाने का पक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि शास्त्र में दोनों दिन लक्ष्मी पूजन करने के पक्ष अभिमत मिलते हैं, किन्तु 20 अक्टूबर को अमावस्या सायंकाल और प्रदोषकाल को प्राप्त हो रही है। अतः इस दिन दीपावली मानना शास्त्र सम्मत है।

पूर्व राज्य मंत्री एवं ज्योतिष विद्यापीठ परिषद् के संयोजक एवं पूर्व राज्यमंत्री योगेंद्र महंत ने "एक तिथि – एक पर्व – एक उत्सव" की भावना को पुनः दोहराते हुए सभी को 20 अक्टूबर को एकमत से दीपावली मनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर डॉ. संतोष भार्गव, डॉ. संतोष दाधीच, विजय अड़ीचवाल, डॉ. सुरेश आर. शर्मा, प्रद्युम्न दीक्षित, शिव मेहता, गिरीश व्यास, नारायण वैष्णव, राकेश राठौर सहित अनेक विद्वानों ने भी अपने मत प्रस्तुत किए और सर्वसम्मति से 20 अक्टूबर को दीपावली पर्व मनाने का निर्णय लिया। स्वागत भाषण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विमला गोयल ने किया।

# इंदौर मेट्रो ने तय किया रेडिसन चौराहा तक का सफर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर की मेट्रो ट्रेन ने अपने सफर का नया माइलस्टोन तय किया। गुरुवार दोपहर करीब 1:30 बजे मेट्रो प्रबंधन की टेक्निकल टीम ने गांधी नगर स्टेशन से रेडिसन चौराहा तक ट्रायल रन किया। पहली बार मेट्रो ट्रेन विजय नगर, सुखलिया और मालवीय नगर क्षेत्रों के ट्रैक पर दौड़ती नजर आई।**



ट्रायल के दौरान मेट्रो ट्रेन ने यह सफर लगभग एक घंटे में पूरा किया। तकनीकी जांच के चलते ट्रेन की रफ्तार फिलहाल कम रखी गई थी। मेट्रो प्रबंधन के अनुसार आने वाले दिनों में धीरे-धीरे गति बढ़ाकर नियमित ट्रायल किए जाएंगे। अगले साल तक 17 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर मेट्रो का संचालन शुरू करने का लक्ष्य है। मेट्रो ट्रेन गांधी नगर स्टेशन से निकली। सात किलोमीटर तक स्पीड तेज रखी गई, लेकिन चंद्रगुप्त मौर्य प्रतिमा चौराहे के पास कम स्पीड में ट्रायल रन किया गया। पहली बार मेट्रो को देख शहरवासी रुक गए और हाथ हिलाकर अभिवादन करने लगे। हॉर्न बजाते हुए मेट्रो धीरे-धीरे रेडिसन चौराहा तक पहुंची, फिर गांधी नगर डिपो की तरफ रवाना हुई। अब कमिश्नर फॉर मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) से एनओसी मिलने के बाद इसे यात्रियों के लिए शुरू किया जाएगा।मेट्रो का संचालन अभी छह किलोमीटर के हिस्से में हो रहा है। यह आबादी क्षेत्र नहीं है। इस कारण मेट्रो को अभी ज्यादा यात्री नहीं मिल रहे हैं। शुरुआती दिनों में मेट्रो ट्रेन को देखने के लिए शहरवासियों की भीड़ जरुर उमड़ी थी। अब तक दो लाख से ज्यादा यात्री मेट्रो में सफर कर चुके हैं, लेकिन अब यात्री नहीं मिल रहे हैं।

# शादी का झांसा देकर किया युवती से रेप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हीरानगर पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर उसके प्रेमी के खिलाफ बुधवार को दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। आरोपी ने शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाए और बाद में संपर्क तोड़कर फरार हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।**

हीरानगर टीआई सुशील पटेल ने बताया कि 28 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर रविषेक पुत्र रामप्रकाश सोनी निवासी सेंवढ़ा जिला दतिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने बताया कि जुलाई 2024 में उसकी पहचान रविषेक से इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई थी। वह ग्वालियर से नौकरी की तलाश में इंदौर आई थी, जबकि रविषेक पिछले तीन सालों से इंदौर में एक वेयरहाउस में काम कर रहा था। शुरुआत में युवती विजयनगर क्षेत्र में किराए पर रहती थी, बाद में जून 2025 में हीरानगर क्षेत्र की काशीपुरी में कमरा किराए पर लिया। पीड़िता के मुताबिक जून 2025 में जब वह ग्वालियर से इंदौर लौटी, तो रविषेक ने उसे लिव-इन में रहने का प्रस्ताव दिया। आरोपी ने भरोसा दिलाया कि दोनों जल्द शादी करेंगे। इस पर पीड़िता राजी हो गई और 10 जून से वह उसके साथ रहने लगी। इस दौरान रविषेक ने कई बार शारीरिक संबंध बनाए।जब युवती ने शादी के लिए दबाव डाला, तो पहले युवक ने कहा कि परिवार के न मानने पर वह अलग रहकर शादी करेगा पर बाद में टालमटोल करने लगा। कुछ समय बाद रविषेक ने शादी की बात पर विवाद शुरू कर दिया और मारपीट करने लगा। 2 अक्टूबर को उसने काशीपुरी वाला घर खाली कर दिया और पीड़िता का मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया। बुधवार को पीड़िता थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई।

# किन्नरों के दो गुटों में हुआ विवाद एक गुट टीआई के बाथरूम में घुसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। किन्नरों के दो गुटों में मंगलवार को बड़ा विवाद हो गया। इसकी शुरुआत सुबह शुरू हुई, जो आधी रात तक जारी रही। सैकड़ों किन्नरों ने अन्नपूर्णा थाना घेर लिया। पुलिसवालों से भी धक्का-मुक्की हो गई। एक गुट के किन्नरों को टीआइ के बाथरूम में छिपना पड़ा। हिंदू संगठन के कार्यकर्ता भी थाने में बंधक बन गए, जिन्हें बाद में बचाकर निकाला गया।**

झगड़ा सोनम किन्नर (नंदलालपुरा) और पायल हाजी (एमआर-10) के किन्नरों में हुआ। सोनम गुट के किन्नर मंगलवार सुबह अपहरण, धमकी और जानलेवा हमले की शिकायत करने आयुक्त कार्यालय पहुंचे थे। उनके साथ महावर नगर का राजेश्वरी किन्नर भी था। शाम को पायल गुट महावर नगर पहुंचा और राजेश्वरी को अपने साथ ले गया। सोनम गुट ने कहा कि राजेश्वरी का अपहरण हुआ है। उसे बाल पकड़ कर खींचते हुए ले गए हैं। पायल हाजी के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट लिखवाने किन्नर अन्नपूर्णा थाने जा पहुंचे। मदद के लिए हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं को भी बुलाया गया। कुछ देर बाद पायल गुट भी थाने आ गया और नारेबाजी करने लगा। पायल गुट में मुस्लिम किन्नर हैं। थाने में धार्मिक नारे भी लगाना शुरू कर दिए। जबरदस्ती थाने में घुसने की कोशिश की गई। स्थिति इतनी बिगड़ी कि नंदलालपुरा के किन्नरों को टीआई अजय नायर के केबिन में बने बाथरूम में छिपना पड़ा।

पुलिसकर्मियों के साथ भी धक्का-मुक्की की गई। स्थिति संभालने के लिए चैनल गेट लगाकर आवाजाही रोकनी पड़ी। सूचना मिलने पर एडीसीपी जोन-4 दीशेष अग्रवाल, एसीपी शिवेंदु जोशी और हेमंत चौहान भी पहुंच गए। पुलिस ने किसी भी किन्नर के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की। पायल हाजी के साथियों ने कहा कि राजेश्वरी उसकी मर्जी से गई है। वह उसके बयान करवाने के लिए तैयार हैं। टीआई के अनुसार किन्नरों में लंबे समय से विवाद चल रहा है। चंदननगर, विजयनगर, परदेशीपुरा और पंढरीनाथ थाने में केस दर्ज हो चुके हैं।

# तीन मकानों को तोड़ने की कार्रवाई शनिवार को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। पिछले दिनों रानीपुरा क्षेत्र के कोष्ठी मोहल्ला में मकान ढहने की घटना के बाद नगर निगम ने उस क्षेत्र के खतरनाक मकानों को चिह्नित किया था। रानीपुरा, दौलतगंज, उर्दू मैदान और आसपास के कई हिस्सों में 9 ऐसे खतरनाक मकान मिले थे, जिन्हें नोटिस जारी किए गए थे और अब इनमें से तीन मकानों को तोड़ने की कार्रवाई शनिवार को किए जाने की तैयारी है। रानीपुरा के कोष्ठी मोहल्ला में अंसारी परिवार की बिल्डिंग भरभराकर ढह गई थी। इसमें दो लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके बाद निगम कमिश्नर दिलीपकुमार यादव के निर्देश पर निगम की टीमों ने आसपास के कई अन्य मकानों को चिह्नित किया था, ताकि वहां नोटिस भेजकर सुधार कार्य कराए जाएं, लेकिन कई लोगों को नोटिस जारी करने के बाद भी वहां उनके द्वारा सुधार कार्य नहीं कराए गए हैं। नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक रानीपुरा, उर्दू मैदान, दौलतगंज और उसके आसपास के कई हिस्सों में 9 ऐसे मकान हैं, जो अत्यधिक खतरनाक हैं। इनमें कई मकान दो से तीन मंजिला हैं और उनमें कई परिवार संयुक्त रूप से रहते हैं। सभी को नोटिस देने के बाद अब शनिवार को चिह्नित किए गए मकानों में से 3 पर कार्रवाई कर उनके खतरनाक हिस्से तोड़े जाएंगे। इसके लिए पुलिस बल भी मांगा गया है। अफसरों का कहना है कि इसके अलावा निगम द्वारा आईडीए की खतरनाक बिल्डिंग को लेकर भी नोटिस जारी किया गया था और अब अधिकारियों से चर्चा कर इसका भी निर्णय लिया जाएगा। अफसरों के मुताबिक संजय सेतु से चंद्रभागा तक बनाई गई नई सड़क के बाद वहां एक छोर पर कई मकान खतरनाक हालत में हो गए हैं, क्योंकि वहां लगातार मिट्टी का कटाव होता जा रहा है। पिछले दिनों हुई बारिश के बाद स्थिति ज्यादा बिगड़ गई है।



# भगवान श्रीकृष्ण की स्मृतियों को संजोने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रीकृष्ण गुरूकुल शिक्षा यात्रा में शामिल सभी संतों, तीर्थ पुरोहित महासंघ, धर्म यात्रा महासंघ और विश्व हिंदू परिषद का अभिनंदन करते हुए कहा कि आज उज्जैन एक अद्भुत क्षण का साक्षी बन रहा है। यात्रा में सम्मिलित सभी सहभागी उस मार्ग पर चलकर आए हैं, जिस पर हमारे आराध्य श्रीकृष्ण शिक्षा ग्रहण करने के लिए मथुरा से उज्जैन स्थित आचार्य सांदीपनी के आश्रम पधारे थे।

संतगण को उस पावन मार्ग से गुजरने का अवसर मिला, जहां श्रीकृष्ण की चरणरज पड़ी थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मथुरा से आरंभ श्रीकृष्ण गुरूकुल शिक्षा यात्रा के उज्जैन में आयोजित समापन समारोह को भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि मथुरा से 5 अक्टूबर को आरंभ हुई यात्रा जयपुर, कोटा, झालावाड़ और आगरा होते हुए उज्जैन पहुंची थी। उज्जैन के समापन कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्री उमेशनाथ महाराज, विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह, तीर्थ पुरोहित महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रयागनाथ चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

**दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में बनेंगे वृंदावन गांव-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रीकृष्ण गुरूकुल शिक्षा यात्रा ज्ञान, संस्कार और भक्ति का अद्भुत संगम है। यह यात्रा नई पीढ़ी में नैतिकता, आत्मविकास और भारतीय संस्कृति का दीप प्रज्वलित करने का प्रयास है। राज्य सरकार भगवान श्रीकृष्ण की स्मृतियों को संजोने का कार्य कर रही है। श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली उज्जैन, श्रीकृष्ण और सुदामा का मैत्री स्थल ग्राम नारायणा, रुक्मिणी वरण के स्थल धार जिले के अमझेरा और विनम्रता का संदेश देने वाले स्थल जानापाव (इंदौर) को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा। श्रीकृष्ण पाथेय के मार्ग पर आने वाले वन, जल संरचनाओं और उद्यानों का भी संरक्षण किया जाएगा। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए वृंदावन गांव बनाने का निर्णय लिया गया है। राज्य में गीता जयंती भी मनाई जाएगी।



### सिंहस्थ-2028 का आयोजन अद्वितीय वैभव के साथ होगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में वेद-वेदान्त विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। अमझेरा में चित्रकला, मूर्तिकला और पारम्परिक नृत्य-संगीत कला की शिक्षा दी जाएगी तथा इसे श्रीकृष्ण-रुक्मणी लोक के नाम से जाना जाएगा। जानापाव में सुदर्शन लोक की स्थापना की जाएगी, जहां आयुध कौशल के साथ-साथ पारम्परिक और आधुनिक युद्ध शैली का ज्ञान दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहाकि सिंहस्थ-2028 का आयोजन अद्वितीय वैभव के साथ किया जाएगा। राज्य सरकार प्रदेश में सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार में कोई कमी नहीं रहने देगी। उन्होंने प्रदेशवासियों से भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा परम्परा को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान भी किया।

### हमारी संस्कृति हमें समाज और सृष्टि के कल्याण के लिए जीना सिखाती है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सांदीपनी आश्रम गुरु-शिष्य परम्परा की अनादि महिमा का साक्षात प्रतीक है। जहां हर कण में श्रीकृष्ण की विनम्रता, बलराम की शक्ति और सुदामा की भक्ति समाई हुई है। हमारे गुरुकुल आदि काल से भारतीय ज्ञान परम्परा का अभिन्न अंग हैं। सांदीपनी आश्रम में भगवान श्रीकृष्ण ने शिक्षा पाई और संसार को गीता का उपदेश देकर योगीराज बने। हमारी सनातन संस्कृति का परम ज्ञान परमार्थ है। हमारी संस्कृति हमें समाज और सृष्टि के कल्याण के लिए जीना सिखाती है। भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर ग्रामवासियों की रक्षा की और कुरुक्षेत्र में अर्जुन को गीता के माध्यम से धर्म और कर्तव्य का मार्ग दिखाया। उनका सारा जीवन समाज और धर्म की रक्षा के लिए था।

## खड़े ट्राले में लगी भीषण आग, केबीन जलकर हुआ खाक



**रतलाम, एजेंसी।** जिले के पास महू-नीमच फोरलेन पर बुधवार रात खड़े एक ट्राले में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि ट्राले का कैबिन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आशंका है कि हादसा ड्राइवर और क्लीनर के खाना बनाते समय हुआ। घटना के बाद से दोनों मौके से फरार हैं। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आधे घंटे में आग पर काबू पाया, जिससे पूरा ट्राला जलने से बच गया। बिलपांक थाना पुलिस के अनुसार, ट्राला क्रमांक आरजे 09 जीसी 3016 ग्राम सिमलावदा के पास सड़क किनारे खड़ा था। आग लगने का स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है, लेकिन संभावना है कि ड्राइवर और क्लीनर कैबिन के पास खाना बना रहे थे, उसी दौरान आग भड़की होगी। आग की सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़िया मौके पर पहुंचीं। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## जहरीली दवा से मरने वाले बच्चों की संख्या 25 हुई

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में कोल्ड्रिफ कफ सिरप से मरने वाले बच्चों का आंकड़ा बढ़कर 25 हो गया है। छिंदवाड़ा के मोरडोंगरी परासिया निवासी गर्विक (1 वर्ष) पिता बाबू पवार की गुरुवार दोपहर नागपुर के मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, बच्चों की मौत का कारण बने कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली कंपनी श्रीसन फार्मा के डायरेक्टर गोविंद रंगनाथन को गिरफ्तारी कर लिया है। मामले में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई एसआईटी की टीम ने बुधवार रात चेन्नई में दबिश देकर रंगनाथन को पकड़ा। एसआईटी ने कंपनी से महत्वपूर्ण दस्तावेज, दवाओं के नमूने और प्रोडक्शन रिकॉर्ड भी जब्त किए हैं। रंगनाथन पर 20 हजार रुपए का इनाम था। वहीं, मामले की जांच को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई कर सकता है।

## आयोजन स्थल की पूरी समीक्षा करनी होगी

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन प्रशासनिक प्रक्रियाओं को तेज और पारदर्शी बनाने के लिए नई कार्यप्रणाली पेश की। अतिरिक्त मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने बताया कि अब मुख्यमंत्री के दौरे, घोषणाओं, स्वेच्छानुदान और अन्य प्रशासनिक गतिविधियों का संचालन सुव्यवस्थित होगा। सीएम के दौरे की तैयारी अब दो स्तरों में होगी। प्रारंभिक योजना और मुख्य कार्यक्रम। प्रारंभिक योजना में किसी कार्यक्रम का प्रस्ताव आने पर जिले को तुरंत प्रतिक्रिया देनी होगी, अधिकारियों को आयोजन स्थल की पूरी समीक्षा करनी होगी, जिसमें यातायात, पार्किंग, पानी और शौचालय जैसी सुविधाओं का आकलन शामिल है।

## सीएम मोहन यादव आज रतलाम आएंगे

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार (10 अक्टूबर) को रतलाम आएंगे। यहां वे दोपहर 12:30 बजे काटजू नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में बने 'संघ शताब्दी सभागार 2025' का लोकार्पण करेंगे। सीएम के आगमन को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार शाम को कार्यक्रम स्थल पर पुलिस बल की रिहर्सल भी की गई। विद्या भारती मालवा के प्रांतीय सचिव गोपाल काकानी ने बताया कि संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर इस सभागार का निर्माण किया गया है। 12 से अधिक दानदाताओं के जनसहयोग से यह भवन बना है, जिसकी लागत करीब एक करोड़ 20 लाख रुपए आई है।

## विश्व डाक दिवस की दी शुभकामनाएं

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'विश्व डाक दिवस' की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि देश के कोने-कोने तक संवेदनाओं, संदेशों और विश्वास की डोर सुदृढ़ करने वाले सभी डाक कर्मी बंधुओं की सेवाएं वंदनीय है। डाककर्मियों के अथक परिश्रम व समर्पण ने पहाड़ों की दुर्गम वादियों से लेकर रेगिस्तान की तपती धरती तक, घने जंगलों से लेकर दूर-दराज के गांवों तक दूरियों को मिटाया है और रिश्तों को

# करवाचौथ से पहले हंसिए से पति का गला काटा

◆ पति शराब के नशे में उससे और बच्चों से मारपीट करता था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम, एजेंसी। जिले के रोहना गांव में हुई हत्या के आरोप में पुलिस ने मृतक की पत्नी को गिरफ्तार किया है। महिला ने मंगलवार तड़के करीब 4 बजे पति का गला रेतकर उसे मार डाला। इसके बाद शव को घर से 20 मीटर दूर खेत में फेंक दिया। वारदात के समय घर में दंपती के 5 बच्चें सो रहे थे।**

गिरफ्तारी के बाद महिला ने पुलिस को बताया कि पति राजू अक्सर शराब के नशे में उससे और बच्चों से मारपीट करता था। रोज-रोज की प्रताड़ना से तंग आकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी सेवंतीबाई (28) ने अपने नशेड़ी पति राजू धुर्वे (32) की हंसिया से गला रेतकर हत्या की। मारने के बाद उसने शव को घसीटकर खेत में फेंका। बचने के लिए घर पर फैले खून को साफ कर दिया। इसके बाद वह सुबह करीब 8 बजे अपने पांचों बच्चों को लेकर हरदा जिले के सिराली गांव स्थित मायके चली गई थी। देहात थाना प्रभारी सौरभ पांडे ने बताया कि



राजू धुर्वे हरदा जिले के सिराली का रहने वाला था और पिछले एक महीने से रोहना गांव में सुधीर कुमार चौहान के खेत पर मजदूरी कर रहा था। वह खेत में बने एक कच्चे मकान में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रह रहा था। आरोपी सेवंतीबाई ने बताया कि उसके 5 बच्चे है। उसने राजू धुर्वे से 7 साल पहले लव मैरिज की थी। शादी से पहले वह अच्छी-अच्छी बातें करता था। शादी के बाद समय अनुसार तीन बेटियों का जन्म हुआ। इसके बाद दो बेटे भी हुए। पांचवां बेटा 2 महीने का है। पति नशे का आदी था। शराब के नशे में पत्नी और बच्चों को मारता था। महिला ने बताया कि पति दो साल के बेटे को भी मारता था। उसे कहता था कि तूने पहले बेटियों से पहले जन्म क्यों नहीं किया, नहीं तो इतने बच्चे पैदा नहीं करता। वह उसे और बेटियों को भी मारता था। सोमवार रात को भी उसने शराब के नशे में मारपीट की थी। बेटे को भी मारा था।

# मप्र ट्रैवल मार्ट 2025 : एमपी में पर्यटन महाकुंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश को विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य 11 से 13 अक्टूबर तक कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट 2025 का आयोजन होगा। यह आयोजन घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बायर्स, सेलर्स, ट्रैवल एजेंट्स, फिल्म प्रतिनिधियों और पर्यटन जगत के सभी हितधारकों को एक ही मंच पर जोड़ेगा। यह भारत का सबसे बड़ा राज्य-स्तरीय ट्रैवल मार्ट होगा।**

पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बताया कि फिक्की की सहयोग से आयोजित होने वाला यह देश के सबसे बड़े राज्य-स्तरीय ट्रैवल मार्ट में से एक होगा। इससे हमारे प्रदेश के होटलियर, ट्रैवल और टूर ऑपरेटर, होमस्टे संचालक और पर्यटन हितग्राही जिन्हें सेलर्स कहा जाता है।

उन्हें बायर्स कहे जाने वाले विदेश और देश के प्रमुख होटलियर, ट्रैवल और टूर ऑपरेटर से सम्पर्क में आयेंगे। इससे न सिर्फ मध्यप्रदेश में पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी बल्कि साथ साथ पर्यटन क्षेत्र में आर्थिक उन्नति के द्वार खुलेंगे। पर्यटन के श्रेत्र में स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ेंगे। यह आयोजन पर्यटन, आतिथ्य, फिल्म, वेडिंग और एमआईसीई सेक्टर में निवेश, साझेदारी और सहयोग का अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम के दौरान 3000 से अधिक बी-टू-बी मीटिंग्स आयोजित होंगी, जो अब तक मध्यप्रदेश के पर्यटन क्षेत्र में होने वाला सबसे बड़ा व्यावसायिक संवाद होगा। इसके साथ ही पर्यटन और फिल्म उद्योग से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस तथा राउंडटेबल सत्र भी होंगे, जिनमें राज्य सरकारों (जी2जी) और वेडिंग एवं कॉर्पोरेट आयोजकों (जी2बी) के साथ विषयगत चर्चा की जाएगी। इस आयोजन में पर्यटन मंत्रालय के साथ-साथ विभिन्न राज्यों के पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित होंगे।

## नोट गिनने की मशीनें बुलानी पड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** लोकायुक्त पुलिस ने गुरुवार सुबह लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के पूर्व चीफ इंजीनियर गोविंद प्रसाद (जी.पी.) मेहरा के भोपाल स्थित आवास समेत 4 ठिकानों पर छापा मारा। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के तहत की गई। भारी मात्रा में नकदी मिलने के कारण नोट गिनने की मशीनें बुलानी पड़ीं। गुरुवार सुबह 6 बजे से कार्रवाई शुरू हुई। लोकायुक्त की टीम अब भी मेहरा से जुड़ी संपत्तियों, एफडी, शेयर और इंश्योरेंस दस्तावेजों की जांच कर रही है। छापे के दौरान मणिपुरम कॉलोनी के निवास से लगभग 8.79 लाख नकद, 50 लाख के सोने-चांदी के आभूषण, 56 लाख की फिक्स डिपॉजिट जानकारी और अन्य कीमती दस्तावेज मिले।

## संपादकीय

# पीओके रणनीतिक रूप से भारत के लिए काफी अहम

पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दशहरे के दिन पाकिस्तान को यह चेतावनी दी कि सर क्रीक क्षेत्र में पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का ऐसा निर्णायक जवाब दिया जाएगा कि इतिहास और भूगोल दोनों बदल जाएंगे। पाकिस्तान को याद रखना चाहिए कि कराची जाने का एक रास्ता सर क्रीक से होकर गुजरता है। वहीं, एक दिन बाद भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि अगर पाकिस्तान को भूगोल पर अपनी जगह चाहिए को वह आतंकवाद फैलाने से बाज आ जाए। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन 2.0 में संयम नहीं बरतेंगे। अगली बार पाकिस्तान का भूगोल बदल देंगे। इसके बाद एक दिन पहले ही गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा पर बड़ी बैठक की। ऐसे में सोशल मीडिया एक्स पर लोग सवाल कर रहे हैं कि सरकार के स्तर पर कुछ तो तैयारी चल रही है। सोशल मीडिया एक्स पर एक यूजर ने लिखा-पहले रक्षामंत्री का बयान कि भूगोल बदल देंगे। उसके बाद एयरफोर्स-आर्मी चीफ के तौर ऐसे ही बयान और बाद में विदेश मंत्री ने दोहराया की POJK हमारा है। अमित शाह फिलहाल JK सुरक्षा पर बड़ी बैठक कर रहे है। निश्चित रुप से सरकार के स्तर पर तैयारी चल रही है- और वो तैयारी पाकिस्तान के इतिहास भूगोल को बदल देने की ही है। डिफेंस एनालिस्ट लेफ्टिनेंट कर्नल (रि.) जेएस सोढ़ी बताते हैं कि ऑपरेशन गुलमर्ग के तहत पाकिस्तान कबायलियों की मदद से जम्मू-कश्मीर का एक तिहाई हिस्सा अपने कब्जे में ले लिया। भारत अगर उस वक्त संयुक्त राष्ट्र नहीं जाता तो आज हालात कुछ और होते। पीओके रणनीतिक रुप से भारत के लिए काफी अहम है। यह जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ कई अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है। इसमें पश्चिम में पाकिस्तान का पंजाब और उत्तर-पश्चिम सीमांत प्रांत यानी खैबर-पख्तूनख्वा, उत्तर-पश्चिम में अफगानिस्तान का लाखन हॉल और उत्तर में चीन का शिंजियांग प्रांत शामिल है। करीब 13 हजार वर्ग किमी के इस इलाके में तकरीबन 30 लाख आबादी रहती है। पीओके में आए दिन पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन होते रहते हैं। डिफेंस एक्सपर्ट जेएस सोढ़ी के अनुसार, पीओके हासिल करना इतना आसान नहीं है। 2019 में पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल दीपक कपूर ने बयान दिया था कि पीओके को हासिल करना बेहद मुश्किल है। 9 अगस्त, 2023 को एक लेख में पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे ने भी कहा था कि आज के जमाने में टू-फ्रंट वॉर कोई नहीं जीत पाया है। सोढ़ी के अनुसार, अगर पीओके के लिए जंग होगी तो उसमें सिर्फ पाकिस्तान से जंग नहीं होगी, उसमें चीन भी कूदेगा। रुस को यूक्रेन से जंग करते दो साल से ज्यादा वक्त हो गया, मगर वह अभी तक यूक्रेन को हरा नहीं पाया। वहीं, 7 महीने से ज्यादा का समय हो गया छोटे से गाजा पट्टी में हमला करते हुए, मगर इजरायल को अभी तक कामयाबी नहीं मिली। ऐसे में पीओके भी हासिल करना उतना आसान नहीं होगा।

## OSHO कहिन

**"जब आप अपने भीतर संतुलन पाते हैं, तो खुशी स्वत: ही आ जाती है।"**



## महिला जगत

### अवनी से भावना तक

# भारतीय वायुसेना की 5 शेरनियां जिन्होंने इतिहास रचा



हर साल 8 अक्टूबर को भारत वायुसेना दिवस मनाता है। इस दिन न सिर्फ वायुसेना के शौर्य और तकनीकी ताकत को सलाम किया जाता है, बल्कि उन महिला योद्धाओं को भी नमन किया जाता है जिन्होंने अपने साहस, अनुशासन और हिम्मत से भारतीय वायुसेना के इतिहास को नया आयाम दिया। साल 2025 में जब वायुसेना अपना 93वां स्थापना दिवस मना रही है। महिलाओं की भूमिका वक्त के साथ वायुसेना में सशक्त होती जा रही है औरर आज महिला अफसरों की भूमिका पहले से कहीं ज्यादा उज्वल है।

कभी समय था जब महिलाएं सिर्फ स्वास्थ्य या शिक्षा की शाखाओं में तैनात होती थीं। पर अब तस्वीर बदल चुकी है। भारतीय वायुसेना में महिलाएं फाइटर पायलट, ट्रांसपोर्ट कमांडर, सर्च एंड रेस्क्यू मिशन लीडर, और ग्राउंड कंट्रोल ऑपरेटर की जिम्मेदारियां निभा रही हैं। 2025 तक वायुसेना में 1000 से अधिक महिला अधिकारी सेवा दे रही हैं, जिनमें लगभग 15 फाइटर पायलट, 250+ ग्राउंड ड्यूटी अधिकारी, और कई इंजीनियरिंग एवं टेक्निकल शाखाओं में तैनात हैं। वायुसेना अब महिलाओं को स्थायी कमीशन भी दे रही है, जिससे वे नेतृत्व की पंक्ति में पुरुषों के समान खड़ी हैं।

## भारतीय वायुसेना की महिला अफसर

### ◆ फ्लाइट लेफ्टिनेंट अवनी चतुर्वेदी

अवनी 2016 में भारत की पहली महिला फाइटर पायलट बनीं। उन्होंने मिग-21 बाइसन विमान उड़ाकर इतिहास रच दिया। साल 2024 में उन्हें भारत की प्रतिनिधि के रूप में अमेरिकी रेड फ्लैग एयर एक्सरसाइज में भेजा गया। यह भारत की पहली महिला प्रतिनिधि थीं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय हवाई युद्धाभ्यास में हिस्सा लिया।

### ◆ स्क्वाडन लीडर भावना कांत

भावना IAF की पहली महिला अफसर बनीं जिन्हें लड़ाकू मिशनों में दिन के समय उड़ान की अनुमति मिली। उन्होंने बालाकोट स्ट्राइक जैसे अभियानों में अप्रत्यक्ष रूप से भूमिका निभाई।

### ◆ फ्लाइट लेफ्टिनेंट मोहना सिंह

उन्होंने भारतीय वायुसेना के इतिहास में पहला कॉम्बैट सॉर्टी मिशन उड़ाया। वह आज भी ट्रेनिंग और ऑपरेशनल यूनिट्स में नई पीढ़ी की प्रेरणा हैं।

### ◆ ग्रुप कैप्टन शैलजा धामी

2023 में शलीजा धामी पहली महिला बनीं जिन्हें कमांडिंग अफसर का चार्ज मिला। उन्होंने पंजाब में एक फाइटर बेस की कमान संभाली। यह भारत की सैन्य इतिहास में ऐतिहासिक क्षण था।

### ◆ स्क्वाडन लीडर दीपिका मिश्रा

दीपिका मिश्रा पहली महिला हेलीकॉप्टर पायलट बनीं जिन्हें गैलेंट्री अवार्ड मिला। उन्होंने बाढ़ और राहत कार्यों में असाधारण साहस दिखाया, और राष्ट्रपति द्वारा वायु सेना पदक (Gallantry) से सम्मानित हुईं।

New Delhi

# विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर अब नहीं चलेगा फर्जीवाड़ा! मोदी सरकार लाने जा रही कड़ा कानून

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर फर्जीवाड़े के मामले आए दिन सामने आते रहते हैं। पहले चालबाज एजेंट लोगों को हसीन सपने दिखाकर विदेश भेज देते हैं और फिर वहां उनके साथ प्रताड़ना होती है। कई केसों में तो फर्जी तरीके से दूसरे देश में एंट्री करने के मामले भी सामने आ चुके हैं। ऐसे मामलों से निपटने के लिए अब मोदी सरकार एक कानून में बदलाव कर उसे कड़ा करने जा रही है। सरकार को उम्मीद है कि इस बदलाव के बाद लोगों को विदेश भेजने के नाम फर्जीवाड़ा बहुत हद तक कम हो जाएगा। जिस एक्ट को बदलने की तैयारी मोदी सरकार कर रही है, उसका नाम



1983 इमिग्रेशन एक्ट है। जल्द ही संसद में सरकार ओवरसीज मोबिलिटी बिल, 2025 पेश करने जा रही है। इसके पास होने के बाद पुराना कानून पूरी तरह से बदल जाएगा। केंद्र सरकार ने इसका ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। अगले संसद सत्र में इस पेश किया जाएगा। इससे विदेश जाने वाले प्रवासी भारतीयों का अनुभव सुरक्षित और व्यवस्थित बन जाएगा। संसद में पेश होने जा रहे ओवरसीज मोबिलिटी बिल 2025 के कानून बनने के बाद भारतीय नागरिकों का विदेश में काम करना बेहद आसान हो जाएगा। इसके तहत कंप्रिहेंसिव इमीग्रेशन मैनेजमेंट सिस्टम की स्थापना की जाएगी। इसे सुरक्षित बनाने की भी तैयारी है, जिससे पैसे कमाने के लिए विदेश जाने वाले नागरिकों के साथ धोखाधड़ी को रोका जा सके।

Chhattisgarh

## छत्तीसगढ़ में गाय को मिलेगा 'राज्य माता' का दर्जा

**रायपुर, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के बाद अब छत्तीसगढ़ में भी 'गौ माता' को 'राज्य माता' का दर्जा मिल जाएगा। कैबिनेट में चर्चा कर इसके लिए जो भी प्रक्रिया है, उसे पूरा कर जल्द ही इस संबंध में घोषणा की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसकी घोषणा की है। महाराष्ट्र के बाद गो माता को राज्य माता का दर्जा देने वाला छत्तीसगढ़ दूसरा राज्य होगा। महाराष्ट्र सरकार ने सितंबर-2024 में देशी गायों को 'राज्यमाता-गौमाता' घोषित किया है। विष्णुदेव साय की इस घोषणा के साथ ही धार्मिक और हिन्दू संगठनों ने इसे एक अच्छी और बड़ी पहल बताया है। रायपुर के गुढ़ियारी में समाजसेवी बसंत अग्रवाल द्वारा आयोजित हनुमात कथा महोत्सव में बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री की कथा हुई। इस कथा के आखिरी दिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उनकी पत्नी कौशिल्या साय के साथ कई मंत्री पहुंचे। धीरेंद्र शास्त्री ने राज्य में गौ माता को राज्य माता का दर्जा देने का आग्रह किया। इस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पिछले दिनों बाबा बागेश्वर ने कहा था कि तहसील स्तर पर गोठान बना दिया जाए। हमने गायों के संरक्षण के लिए गोधाम शुरू कर दिया है। पंडित धीरेंद्र शास्त्री द्वारा गौमाता को राजमाता का दर्जा देने की मांग पर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि गाय की पूजा सदियों से माता के रूप में की जा रही है। गौमाता को राजमाता का दर्जा दिया जाए है तो यह खुशी की बात है। मुझे लगता है कि इसमें किसी को भी आपत्ति नहीं होगी।

Uttarpradesh

## मुजफ्फरपुर में बागमती नदी बनी मौत का सैलाब, नहाने गए पांच युवक डूबे, दो की मौत

**मुजफ्फरपुर, (एजेंसी) मुजफ्फरपुर जिले में बागमती नदी में नहाने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। उफनती हुई नदी में नहाने गए पांच युवक डूब गए, जिनमें से दो की मौत हो गई, जबकि दो को स्थानीय लोगों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। एक युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना शनिवार शाम की बताई जा रही है। पहली घटना गायघाट प्रखंड के बेनीबाद थाना क्षेत्र की है, जहां चार किशोर नहाने के दौरान नदी में डूब गए। बताया जा रहा है कि मृतक और घायल आपस में भाई हैं। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और मौके पर अफरातफरी की स्थिति बन गई।**

स्थानीय लोगों और गोताखोरों की मदद से दो किशोरों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया, जबकि दो की पानी में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, छोटा भाई डूबने लगा तो बड़ा भाई उसे बचाने के लिए नदी में कूद पड़ा, लेकिन वह खुद डूब गया। बाद में दोनों को स्थानीय गोताखोरों की मदद से बाहर निकाला गया और आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई।

मृतक की पहचान अर्जुन दास के पुत्र नीतीश कुमार (18 वर्ष) के रूप में हुई है। वह एल.एन.एम.यू. दरभंगा में स्नातक प्रथम वर्ष का छात्र था और दरभंगा शहर में रहकर पढ़ाई करता था। वहीं गंभीर रूप से घायल किशोर की पहचान पवन दास के पुत्र केशव कुमार (14 वर्ष) के रूप में हुई है, जिसका इलाज अस्पताल में जारी है। इसी बीच, गायघाट प्रखंड में ही बेरुआ पंचायत के असिया गांव में एक और हादसा हुआ।

New Delhi

## देशभर में कफ सिरप बनाने वाली कंपनियों की जांच

◆ राज्यों से लिस्ट मांगी, 3 सिरप की बिक्री पर रोक, मप्र में अबतक 25 बच्चों की मौत



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** मध्य प्रदेश में जहरीले कफ सिरप से अबतक 25 बच्चों की मौत हो चुकी है। गुरुवार को केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) ने देशभर में सिरप बनाने वाली फॉर्मा कंपनियों की जांच और सैंपल टेस्टिंग करने का फैसला किया है। सरकार ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से सिरप बनाने वाली कंपनियों की लिस्ट मांगी है, ताकि उनकी क्वालिटी और सुरक्षा की जांच की जा सके। CDSCO ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) को बताया कि तीन सिरप कोल्ड्रिफ, रेस्पिफ्रेश-टीआर और रिलाइफ की बाजार में बिक्री और उनके प्रोडक्शन पर भी रोक लगा दी है। वहीं, ड्रग्स कंट्रोलर जनरल (DCGI) ने सभी राज्यों को निर्देश दिया कि दवा बनाने से पहले कच्चे माल और तैयार दवाओं की टेस्टिंग जरूर की जाए। जांच में पाया गया है कि कई दवा कंपनियां हर बैच की सही तरीके से जांच नहीं कर रहीं, जिससे दवाओं की क्वालिटी खराब हो रही है। इससे पहले मध्य प्रदेश की SIT टीम ने बुधवार रात चेन्नई में कोल्ड्रिफ सिरप बनाने वाली कंपनी श्रीसन फार्मा के डायरेक्टर गोविंदन रंगनाथन को गिरफ्तारी कर लिया था।

खेल

# दक्षिण अफ्रीका ने रोका भारत का विजय रथ, लाउरा-क्लार्क के अर्धशतक; ऋचा की मेहनत पर फिरा पानी

**विशाखापत्तनम, (एजेंसी) दक्षिण अफ्रीका ने भारत को तीन विकेट हरा दिया। गुरुवार को महिला विश्व कप का रोमांचक मुकाबला विशाखापत्तनम में खेला गया जिसमें भारतीय महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ऋचा घोष की 94 रनों की पारी की बदौलत 49.5 ओवर में 10 विकेट पर 251 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 48.5 ओवर में सात विकेट खोकर 252 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। उनके लिए कप्तान लाउरा वोलवार्ड्ट ने 70 और नादिन डी क्लार्क ने नाबाद 84 रन बनाए। भारत के लिए क्रांति गौड़ और स्नेह राणा ने दो-दो विकेट लिए जबकि अमनजोत कौर, श्री चरणी और दीप्ति शर्मा ने एक-एक विकेट झटके।**






इस शिकस्त के साथ भारतीय महिला टीम का विजय रथ थम गया। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली टीम ने श्रीलंका को 59 रन और पाकिस्तान को 88 रन से हराया था। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका की टीम चार अंक और -0.888 के नेट रन रेट के साथ चौथे स्थान पर काबिज है। वहीं, भारतीय महिला टीम तीन में से दो जीत और एक हार के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर बनी हुई है। उसके खाते में भी चार अंक हैं और नेट रन रेट +0.959 है। शीर्ष दो स्थानों पर क्रमशः ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें हैं।

252 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत निराशाजनक रही। क्रांति गौड़ ने अपनी धारदार गेंदबाजी से शुरुआत में ही तजमिन ब्रिट्स (0) को शानदार रिटर्न कैच आउट किया। इसके बाद मारिजन कैप, सुने लूस, एनेके बॉश और सिनालो जाफ्ता जल्दी-जल्दी आउट हो गईं और स्कोर 81/5 पर सिमट गया। हालांकि, कप्तान लाउरा वोलवार्ड्ट (70) ने डटकर बल्लेबाजी की और क्लो ट्रायन (49) के साथ छठे विकेट के लिए 51 रन जोड़कर पारी को संभाला। जब वोलवार्ड्ट को गौड़ ने शानदार यॉर्कर पर बोल्ड किया, तब अफ्रीका 142/6 पर था और टीम जीत से अब भी 110 रन दूर थी।

इस मुश्किल घड़ी में ट्रायन और नादिन डी क्लार्क ने आक्रामक खेल दिखाया। डी क्लार्क ने दो शानदार छक्कों के साथ दबाव हटाया और सातवें विकेट के लिए 69 रनों की साझेदारी कर टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। अंत में डी क्लार्क ने जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली और 84 रन (54 गेंद, नाबाद) की तूफानी पारी खेलते हुए टीम को 48.5 ओवर में 252/7 तक पहुंचा दिया। भारत की ओर से क्रांति गौड़ (2 विकेट) और स्नेह राणा (2 विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहीं, जबकि अमनजोत कौर, श्री चरणी और दीप्ति शर्मा ने एक-एक विकेट लिया।

सिनेमा

# योगदा आश्रम पहुंचकर रजनीकांत ने लगाया ध्यान



अल्मोड़ा साउथ सुपर स्टार रजनीकांत अल्मोड़ा के द्वाराहाट स्थित योगदा आश्रम पहुंचे। यहां महावतार बाबा की गुफा में उन्होंने ध्यान लगाया। इस दौरान उन्होंने गुफा में पूजा-अर्चना भी की। द्वाराहाट से कुकुछीना तक स्थानीय लोगों ने रजनीकांत का गर्मजोशी से स्वागत किया। 21 किलोमीटर की सड़क यात्रा पूरी करने के बाद उन्होंने डेढ़ किलोमीटर की पैदल चढ़ाई कर महावतार बाबा की गुफा तक का सफर तय किया। इस दौरान वे स्मृति भवन में भी रुके। आश्रम में रजनीकांत ने योगदा आश्रम के संन्यासियों से आशीर्वाद लिया और उत्तराखंड के प्राकृतिक सौंदर्य की सराहना की। उनके प्रशंसकों ने आवास परिसर में उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया, जहां उन्हें प्रशंसकों के साथ सेल्फी और तस्वीरें खिंचवाने का मौका मिला। द्वाराहाट पहुंचने पर उन्होंने एसएसपी देवेंद्र पींचा से भी मुलाकात की।

## Highlights

1. **Teacher suspended over wrongly spelled cheque in Himachal; errors found in suspension order**
2. **Woman loses earlobes after undergoing herbal treatment at parlour**
3. **India-UK to reset Joint Economic & Trade Committee to boost trade**
4. **What is Float test to check the purity of gold?**
5. **'9 UK universities to open campuses in India,' announces PM Modi**

# TCS to build $6.5-billion 1 GW AI data centre in India - Why that matters




**NEW DEIHI, (Agency).** Tata Consultancy Services Ltd. is setting up a wholly owned subsidiary to build "world-class AI infrastructure", starting with a 1 GW AI data centre in India at an investment of $6.5 billion. That matches India's total installed data-centre capacity at present.

"We have set a target of 1 GW. We will be doing it in phases," Krithi Krithivasan, chief executive officer at India's IT bellwether said during an investor call after the company announced its September quarter earnings. "We expect to do 1 GW in 5-7 years."

According to TCS, every 150 MW of AI compute power will require an investment of $1 billion, which totals to $6.5 billion for 1 GW. The investment will be funded through equity and debt by bringing on board financial investors. Clients for the AI data centre would include pure-play AI startups, deeptech companies, hyperscalers, and to "a great extent" government entities. The facility would largely function as a passive data centre—a standby of sorts for when an active data centre falters.

Revenue from TCS' AI data centre would start accruing in 18-24 months, CFO Samir Sekhsaria said. The entire data and AI compute power will be hosted in India. The company didn't specify the location for the facility.

TCS AI Plans

The move is significant for TCS, as it signals a break from cost-effective outsourcing to the capital-intensive business of AI compute power. That will allow the Tata Group company to offer end-to-end enterprise AI solutions—from training large language models and running generative AI workloads to hosting secure, India-based AI clouds for global clients.

"This will give us coverage across the entire AI stack—from infra layers to apps," TCS' Chief Operating Officer Aarthi Subramanian said in the analyst call.

TCS' AI plans align with a broader Tata Group strategy to build a vertically integrated digital ecosystem—from infrastructure and software to consumer-facing AI. To that end, the company is integrating all its AI teams and capabilities to create a new AI and Services Transformation unit led by TCS veteran Amit Kapur. He will report to COO Subramanian.

To be sure, TCS' planned 1 GW AI data centre matches the current installed capacity in India, indicating that the industry is still in its infancy in a country that is home to the biggest internet population outside of China.

## Stock Market Today | Sensex, Nifty inch higher, TCS share price dips after Q2 results, AI plans

**NEW DEIHI, (Agency).** ndia's stock market opened higher today led by financials, even as IT stocks posted modest gains after bellwether Tata Consultancy Services Ltd. posted its second-quarter results.

At 9:47 am, the 30-share Sensex was trading 0.25% higher at 82,376.38 points even as the broader Nifty 50 rose 0.38% to 25,278.15 points. The benchmark has risen in five out of the past six sessions, gaining 2.3%, led by about 6% rally in IT stocks. Twelve of the 16 major sectors gained, with Nifty Bank rising 0.4% and Nifty IT gaining 0.2%. Nine out of 10 Nifty IT stocks advanced, while TCS' share price fell 0.7%. The company had gained 6% in the last six sessions ahead of its quarterly earnings report.

The broader small-caps and mid-caps gained 0.4% and 0.3%, respectively.

TCS posted its second-quarter results on Thursday, wherein revenue rose due to strength in its breadwinner BFSI segment even as net profit took a one-time hit due to severance costs stemming from layoffs. The company now expects stronger growth in the second half of Fiscal 2026.

While TCS results were largely in line, the real catalyst for sentiment was its mega AI plan—India's IT bellwether wants to set up an AI subsidiary that will, to begin with, house its 1-GW AI data centre in India. The company has made a rare acquisition in the US, that of ListEngage for $72.8 million.

# टीआई को ब्लैकमेल करने वाली लेडी एएसआई बर्खास्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के टीआई सुसाइड केस में मध्य प्रदेश शासन ने सवा तीन साल बाद एएसआई रंजना खोड़े को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। विभागीय जांच में सामने आया है कि रंजना टीआई हाकम सिंह को ब्लैकमेल कर रही थी। जांच अधिकारी ने माना कि इससे पुलिस की छवि धूमिल हुई है। रंजना बर्खास्तगी से पहले तक धार जिले में पदस्थ रही है।**

मामला जून 2022 का है। इंदौर के रीगल स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में टीआई हाकम सिंह पंवार ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से पहले एएसआई रंजना खोड़े पर गोली चलाई थी। फिर खुद को गोली मार ली थी। इस हमले में रंजना बच गई थी। गोली उसके कान के पास से निकल गई थी, जबकि टीआई की मौत हो गई थी। मामले की दो बार जांच कराई गई। पहली जांच एसआईटी ने की, जिसमें रंजना को दोषी पाया गया था



और उसकी एक वेतनवृद्धि रोक दी गई थी, लेकिन पुलिस कमिश्नर इस जांच से संतुष्ट नहीं थे। गोली से बाल-बाल बची एएसआई ने टीआई के खिलाफ छोटी ग्वालटोली पुलिस से शिकायत की थी। इस प्रकरण में पुलिस ने मृत टीआई पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। इसके बाद टीआई के परिवार ने रंजना पर ब्लैकमेलिंग के आरोप लगाए थे, तब पुलिस ने ब्लैकमेलिंग की धाराओं में रंजना के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था, जिसमें रंजना की गिरफ्तारी हुई थी। उसे एक हफ्ते में ही जमानत मिल गई थी। टीआई सुसाइड केस की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई थी। एसआईटी ने जांच शुरू की, तो रंजना और हाकम सिंह के बीच संबंध होने की बात सामने आई। इस जांच रिपोर्ट के आधार पर डीसीपी मुख्यालय ने रंजना की वेतनवृद्धि रोक दी। रंजना ने भी अपना ट्रांसफर धार करा लिया। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह एसआईटी की जांच से सहमत नहीं थे। उन्होंने दोबारा जांच कराने का निर्णय लेते हुए अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर मुख्यालय आरके सिंह को जांच सौंपी। उन्होंने पाया कि रंजना टीआई को ब्लैकमेल कर परेशान कर रही थी। इससे विभाग की छवि खराब हुई है। यह भी पता चला कि हाकम सिंह पंवार की दो पत्नियां थीं और रंजना से भी उनके संबंध थे। सिंह ने जांच के बिंदुओं के आधार पर रंजना को बर्खास्त करने की सिफारिश की। रंजना के एक भाई की इस घटना के कुछ दिन बाद ही घर में जलने से मौत हो गई थी। उसका इंदौर में उपचार चला था। बताया जाता है कि रंजना पर हुए हमले के बाद वह तनाव में था। बाद में रंजना की गिरफ्तारी होने से वह काफी डिप्रेशन में चल रहा था।

## सुंदरकांड सुनने पहुंचे व्यापारी की कार से रुपए चुराए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** महालक्ष्मी नगर में रहने वाले एक व्यापारी पलासिया इलाके में सुंदरकांड सुनने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने बिल्डिंग के ड्राइवर को कार की चाबी दी। सुंदरकांड से वापस आए तो कार में रखे रुपए नहीं थे। उन्होंने यहां ड्राइवर पर शंका जताई है। पुलिस ने मामले में नामजद एफआईआर रजिस्टर्ड की है। पलासिया पुलिस के मुताबिक रविन्द्र कोठारी निवासी महालक्ष्मी नगर की शिकायत पर पुलिस ने ड्राइवर राकेश पंवार निवासी राहुल गांधी नगर के खिलाफ चोरी के मामले में केस दर्ज किया है। रविन्द्र ने बताया कि बुधवार रात वह बीमा नगर गेट नंबर 1 पर कार पार्क कर रहा था। यहां चल रहे सुंदरकांड में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान राकेश ने वहां कार पार्किंग में लगाने के लिए चाबी ली। रात करीब 11 बजे रविन्द्र वापस आए तो कार की चाबी काउंटर से ले ली। इसके बाद कार में चेक किया तो उसमें डेस्क बोर्ड के यहां रखे करीब 22 हजार रुपए नहीं थे। तब उन्होंने कार पार्क करने वाले लड़के के बारे में पूछताछ की। नाम पता चलने के बाद थाने पहुंचे और मामले में एफआईआर दर्ज कराई है।

## चोरी का आरोपी आपत्तिजनक हालत में पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)


**इंदौर। हीरानगर में करणी सेना ने बुधवार रात आपत्तिजनक हालत में एक युवक और युवती को इलाके से पकड़ा था। उन्हें हीरानगर पुलिस के सुपुर्द किया गया। पकड़ाया युवक वर्ग विशेष से है। पुलिस ने जब उसकी जानकारी निकाली तो महाराष्ट्र में तीन चोरी में फरारी निकला। हीरानगर पुलिस ने महाराष्ट्र पुलिस से संपर्क किया है। महाराष्ट्र पुलिस उसे लेने इंदौर आ रही है।**

करणी सेना के पदाधिकारी मानसिंह राजावत को सूचना मिली थी कि हीरानगर इलाके में मोहम्मद सरफरोश पुत्र मोहम्मद समीर निवासी बीएमटी चौक चंद्रपुर महाराष्ट्र रह रहा है। उसके साथ एक हिंदू लड़की भी है। जब करणी सेना के लोग यहां पहुंचे तो मोहम्मद समीर ने बताया कि वह 20 दिन पहले युवती को लेकर इंदौर आ गया था। युवती का परिवार उत्तरप्रदेश का रहने वाला है। जो



गुजरात में मजदूरी करने आया था। यहीं पर फरारी के दौरान मोहम्मद सरफरोश ने उसे जाल में फंसाया और लेकर इंदौर आ गया। सरफरोश के मोबाइल में अन्य लड़कियों से भी चैटिंग मिली है।

टीआई सुशील पटेल के मुताबिक युवती को लेकर परिवार ने किसी तरह की गुमशुदगी दर्ज नहीं की है। सरफरोश के महाराष्ट्र के चंद्रपुर के रामपुरा में तीन चोरी के अपराध में फरार होने की बात सामने आई है। एफआईआर दर्ज कराई गई है। उसके अन्य अपराधो की जानकारी निकाली जा रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक